<u>हर घर तिरंगा एवं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस</u>

राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान महिला, झालाना डूंगरी जयपुर राजस्थान में हर घर तिरंगा एवं विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में समस्त छात्राओं एवं संस्थान स्टाफ ने भाग लिया।

हर घर तिरंगा के परिपेक्ष्य में संस्थान के समस्त स्टाफ एवं प्रशिक्षणार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरित किया गया एवं आम नागरिकों में तिरंगें की प्रति आस्था जागृत करने हेतु एक तिरंगा रैली का आयोजन भी किया गया।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान में 14 अगस्त 2022 को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभाजन विभीषिका के प्रत्यक्षदर्शी श्री यशपाल शर्मा को आमंत्रित किया गया, जिन्होंनें छात्राओं के साथ सन् 1947 में हुये विभाजन की त्रासदी का अनुभव साझा किया।

इसी के साथ इस कार्यक्रम में ब्रिगेडियर श्री जितेन्द्र सिंह शेखावत एवं श्री भोपाल सिंह ने भी हिस्सा लिया एवं छात्राओं के साथ अपने अनुभव बांटे।

इसी क्रम में संस्थान मे छात्राओं हेतु रंगोली, एकल गायन एवं भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें संस्थान की छात्राओं द्वारा बढ–चढकर हिस्सा लिया गया। इन प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पारितोष वितरण भी किया गया।

साथ ही आमंत्रित अतिथीगण एवं छात्राओं हेतु संस्थान में विभाजन की त्रासदी को जीवंत करने हेतु एवं विभाजन संबंधी रोचक तथ्यों को एक प्रदर्शनी द्वारा प्रदर्शित किया गया। संस्थान की समस्त कक्षाओं को भी इसी विषय के आधार पर साजो सज्जित किया गया

DRAPING
DRAPING
Happy

15 अगस्त 2022 को भारत वर्ष की 76वीं स्वाधीनता की सालगिरह को पूर्ण उल्लास के साथ मनाया गया। संस्थान प्रांगण में विभागाध्यक्ष श्री एस.एस. नायक द्वारा झंडारोहण किया गया। स्वतंत्रता दिवस के इस पर्व पर कई छात्राओं द्वारा देशभक्ति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये।